Daily Current Affairs 07 July 2022

दैनिक समसामयिकी (Current Affairs) के मुद्दों की महत्त्वपूर्ण जानकारी आज के इस लेख द्वारा उपलब्ध कराई गई है, जो सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में उपयोगी है और हम रोज आपको ऐसे ही gk today current affairs in hindi मैं रोज provide करवाएंगे,और आप Current Affairs In Hindi PDF प्राप्त कर सकतें हो।

1. 09 जुलाई अफ्रीकी संघ अपनी 20वीं वर्षगाँठ मनाएगा
• 09 जुलाई, 2022 को अफ्रीकी संघ अपनी 20वीं वर्षगाँठ मना रहा है। अफ्रीकी संघ (AU) महाद्वीपीय निकाय है, इसमें 55 सदस्य देश शामिल हैं जो अफ्रीकी महाद्वीप के देशों से बना है। अफ्रीकी एकता संगठन की स्थापना वर्ष 1963 में अफ्रीका के स्वतंत्र राज्यों द्वारा की गई थी। संगठन का उद्देश्य अफ्रीकी राज्यों के बीच सहयोग को बढ़ावा देना है। लागोस प्लान ऑफ एक्शन को अफ्रीकी एकता संगठन द्वारा वर्ष 1980 में अपनाया गया।

2. राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के कार्यान्वयन के लिए ओडिशा राज्य शीर्ष पर
• 05 जुलाई, 2022 को केंद्रीय खाद्य और उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोयल ने भारत में खाद्य एवं पोषण सुरक्षा विषय पर राज्यों के खाद्य मंत्रियों के एक सम्मेलन के दौरान 'एनएफएसए के लिए राज्य रैंकिंग सूचकांक 2022' जारी किया है। सामान्य श्रेणी के राज्यों में 'एनएफएसए के लिए राज्य रैंकिंग सूचकांक' में ओडिशा को शीर्ष स्थान पर रखा गया है।

3. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अग्रदूत समाचार पत्र समूह के स्वर्ण जयंती समारोह का किया उद्घाटन
• अग्रदूत भारत में प्रकाशित होने वाला असमिया भाषा का एक समाचार पत्र है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 06 जुलाई, 2022 को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अग्रदूत समाचार पत्र समूह के स्वर्ण जयंती समारोह का शुभारंभ किया है। असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिश्व शर्मा अग्रदूत के स्वर्ण जयंती समारोह समिति के मुख्य सरंक्षक हैं। अग्रदूत की शुरुआत असमिया पाक्षिक के रूप में हुई थी। इसकी स्थापना असम के वरिष्ठ पत्रकार कनक सेन डेका ने की थी।

4. पुर्तगाल के लिस्बन में 'संयुक्त राष्ट्र महासागर सम्मेलन 2022' का आयोजन किया गया
• हाल ही में पुर्तगाल के लिस्बन में 'संयुक्त राष्ट्र महासागर सम्मेलन 2022' का आयोजन किया गया है। इस सम्मेलन की सह-मेज़बानी केन्या और पुर्तगाल की सरकारों द्वारा की गई थी। दुनिया के महासागर पारिस्थितिकी तंत्र के संरक्षण और निर्वाह के उद्देश्य से वैश्विक सहयोग सुनिश्चित करने हेतु संयुक्त राष्ट्र महासागर सम्मेलन आयोजित किया गया था। इस दौरान संयुक्त राष्ट्र के सभी 198 सदस्यों द्वारा समुद्र संरक्षण पर लिस्बन घोषणा को अपनाया गया।

5. मशहूर बांग्ला फिल्म निर्देशक तरुण मजूमदार का हुआ निधन
• मशहूर बांग्ला फिल्म निर्देशक तरुण मजूमदार का 04 जुलाई, 2022 को कोलकाता में निधन हो गया। मजूमदार (91) को गुर्दे से संबंधित बीमारियां थीं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी समेत फिल्म जगत की जानी-मानी हस्तियों ने मजूमदार के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। वर्ष 1990 में पद्म श्री प्राप्त करने वाले मजूमदार के नाम पांच फिल्मफेयर पुरस्कार हैं।

6. लेफ्टिनेंट जनरल सुब्रमण्यम को UN मिशन का नया 'फोर्स कमांडर' नियुक्त किया

Daily Current Affairs 07 July 2022

• भारत के लेफ्टिनेंट जनरल मोहन सुब्रमण्यम को दक्षिण सूडान में यूएन मिशन (UNMISS) का नया सैन्य कमांडर नियुक्त किया गया है। संयुक्त राष्ट्र के प्रमुख एंटोनियो गुतेरस ने ले. जनरल सुब्रमण्यम की नियुक्ति का आदेश जारी किया। लेफ्टिनेंट जनरल सुब्रमण्यम ने भारतीय सेना से भी लेफ्टिनेंट जनरल शैलेश तिनेकर की जगह ली।
• तिनेकर को मई 2019 में दक्षिण सूडान मिशन का फोर्स कमांडर बनाया गया था। सुब्रमण्यम का 36 वर्षों से अधिक समय तक भारतीय सेना में विशिष्ट सैन्य कैरियर है। हाल ही में उन्होंने मध्य भारत में जनरल ऑफिसर कमांडिंग, मिलिट्री रीजन (ऑपरेशनल एंड लॉजिस्टिक रेडीनेस जोन) के रूप में कार्य किया था।

7. गूगल ने 'स्टार्टअप स्कूल इंडिया' नामक पहल की घोषणा की
• हाल ही में गूगल (Google) ने 'स्टार्टअप स्कूल इंडिया' (SSI) नामक एक पहल की घोषणा की है। इसका उद्देश्य संचित ज्ञान को एक संरचित पाठ्यक्रम में व्यवस्थित करना है। यह छोटे शहरों में स्टार्टअप को विभिन्न चुनौतियों से निपटने में सक्षम बनाएगा। इस मंच के ज़रिये Google निवेशकों, सफल उद्यमियों और प्रोग्रामर को एक साथ लाएगा। यह गूगल की भारत में अधिक-से-अधिक स्टार्टअप तक पहुँच सुनिश्चित करेगा।

8. शहद का कारोबार बचाने के लिए ऑस्ट्रेलिया लाखों मधुमक्खियों का कर रहा कत्लेआम
• ऑस्ट्रेलियाई अधिकारियों ने वरोआ माइट (Varroa mites) नामक संभावित विनाशकारी परजीवी प्लेग को रोकने के प्रयास में पिछले दो हफ्तों में लाखों मधुमक्खियों को मार डाला है। वेरोआ माइट परजीवी देश के दक्षिण-पूर्वी हिस्से में फैल गया है।

9. भारतवंशी ऋषि सुनक ने ब्रिटेन के वित्त मंत्री पद से इस्तीफा दिया
• भारतीय मूल के ब्रिटिश नेता ऋषि सुनक ने 05 जुलाई 2022 को वित्त मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने ऋषि सनक की जगह नादिम जहावी को वित्त मंत्री नियुक्त किया है। ऋषि सुनक ने चिट्ठी लिखकर बोरिस जॉनसन सरकार के कामकाज पर सवाल उठाए हैं। ऋषि सुनक ने ट्वीट किया कि जनता सरकार से यह सही अपेक्षा रखती है कि वह उचित तरीके से, सक्षम तरीके से और गंभीरता से चले।

10. भारतीय महिला मुक्केबाज अल्फिया पठान और गीतिका ने कजाख्स्तान में एलोर्डा कप में स्वर्ण पदक जीता
• भारतीय महिला मुक्केबाज अल्फिया पठान और गीतिका ने कजाख्स्तान के नूर-सुल्तान में एलोर्डा बॉक्सिंग कप 2022 में स्वर्ण पदक जीते हैं। दो अन्य भारतीय महिला मुक्केबाज कलाइवानी श्रीनिवासन और जमुना बोरो को रजत पदक मिला है। महिलाओं के 81 किलोग्राम भारवर्ग के फ़ाइनल में अल्फिया ने कजाख्स्तान की लज़्ज़त कुंगेइबायेवा को 5-0 से हराया। 48 किलोग्राम भारवर्ग के फाइनल में गीतिका ने भारत की ही कलाइवानी को 4-1 से पराजित किया।